Regarding doubling of Udaipur-Kota railway line

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी **(चित्तौड़गढ़) :** महोदय, वर्ष 2014 के बाद से देश में, रेल में रेलवे क्रांति के माध्यम से देश को कई सौगातें मिली हैं । मेरे संसदीय क्षेत्र चित्तौड़गढ़ में भी चाहे डबलिंग हो, इलेक्ट्रिफिकेशन हो, गेज कन्वर्जन हो या न्यू रेलवे लाइन हो, सारी सौगातें इस क्षेत्र को मिली हैं । चूंकि वहां सीमेंट इंडस्ट्री का हब है, इसलिए वहां गुड्स ट्रेन्स और पैसेंजर ट्रेन्स की क्रॉसिंग और कई प्रकार की समस्यायें आती हैं । सरकार ने चित्तौड़गढ़ से नीमच होते हुए रतलाम के लिए दोहरीकरण का नया मार्ग शुरू कर दिया है और अजमेर से चित्तौड़गढ़ को स्वीकृत कर दिया है । उदयपुर से चंद्रया होते हुए कोटा, नया जो डबलिंग होना है, यह अगर स्वीकृत हो जाता है, तो उस क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी सौगात मिलेगी । साथ ही, चित्तौड़गढ़, उदयपुर से अहमदाबाद, सूरत के लिए वंदेभारत ट्रेन शीघ्रता से शुरू होगी, तो उस क्षेत्र को फायदा मिलेगा ।